झारखण्ड सरकार
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

Website : http://jceceb.jharkhand.gov.in
e-mail id: jceceboard@gmail.com
Phone no.: 9264473891

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰ / 29 / 22 – 92 ,राँची / दिनांकः 03 / 11 / 2022

पोलिटेकनिक संस्थानों के शैक्षणिक वर्ष–2022–23 में डिप्लोमा (पार्श्विक प्रवेश) पाठ्यक्रम अंतर्गत विभिन्न शाखाओं में नामांकन हेतु तृतीय एवं चतुर्थ चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार के आयोजन से संबंधित अति महत्वपूर्ण सूचना

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, राँची के पत्रांक–वि0प्र0छा0न0–01 / 14(पार्ट–1)–948 दिनांक–02.11.2022 के आलोक में राज्य के पोलिटेकनिक संस्थानों के शैक्षणिक वर्ष–2022–23 में डिप्लोमा (पार्श्विक प्रवेश) अंतर्गत विभिन्न शाखाओं में द्वितीय चक्र ऑनलाईन साक्षात्कर से अनुशंसित अभ्यर्थियों के नामांकनोपरान्त रिक्त बचे सीटों पर नामांकन की अनुशंसा हेतु दिनांक–06.11.2022 से पर्षद द्वारा तृतीय एवं चतुर्थ चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार आयोजित की जा रही है।

2. वैसे अभ्यर्थी जो प्रथम एवं / या द्वितीय चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार के आधार पर नामांकित हैं तथा रिक्त बचे सीटों पर शाखा एवं / या संस्थान परिवर्त्तन कराना चाहते हैं वे भी इस साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। यदि तृतीय एवं / या चतुर्थ साक्षात्कार में उन्हें सीट पुनर्आवंटित होता है तो उन्हें नये आवंटित शाखा एवं / या संस्थान में नामांकन लेना अनिवार्य होगा क्योंकि उनका पूर्व का नामांकन स्वतः रद्द हो जायेगा तथा उनके द्वारा रिक्त किये गये सीट पर किसी दूसरे अभ्यर्थी को मेधा–सह– ईच्छा के आधार पर पर्षद द्वारा अनुशंसित किया जायेगा।

3. परीक्षाफल में शामिल धनात्मक (Positive) अंक धारित अभ्यर्थियों को मेधा–सह–ईच्छा के आधार पर ऑनलाईन साक्षात्कार के माध्यम से सीटों का आवंटन किया जायेगा। नामांकन के समय अभ्यर्थियों को सीट आवंटन के अनुरूप वांछित प्रमाण–पत्र / पत्रों की मूल–प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा वे नामांकन से वंचित हो जायेगें। वांछित प्रमाण–पत्रों के प्रारूप सूचना विवरणिका / पर्षद के वेबसाईट के "Download" कॉलम में उपलब्ध है।

4. अभ्यर्थियों द्वारा संस्थान / संस्थानों तथा शाखा / शाखाओं को अपनी प्राथमिकता (Priority) के अनुसार पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध "Click here for All Online Counselling – JCECEB 2022" Link पर Click कर दिये गये दिशा–निर्देशों का अनुसरण करते हुए निबंधन (Registration) कर विकल्पों के प्राथमिकता क्रम को भरा जाना है। विकल्पों को चयन करने की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सीटों के आवंटन हेतु अधिक से अधिक विकल्पों का चयन करें। **अभ्यर्थियों द्वारा केवल तृतीय चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार के लिये ही एक बार विकल्पों को भरा जाना है। चतुर्थ चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार में उपलब्ध रिक्तियों के विरूद्ध विकल्पों का स्वतः Upgradation (उन्नयन) होगा।**

5. **साक्षात्कार शुल्कः–** अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार शुल्क Payment Gateway के माध्यम से Credit Card/Debit Card/Net Banking/UPI के द्वारा निम्न तालिका के अनुसार भुगतान किया जाना है जो अप्रतिदेय (Non-refundable) होगा :–

Sl.No.	Category	Counselling Fee
1.	General/EWS/BC-I/BC-II	Rs. 400.00
2.	SC/ST/Female candidate of all categories	Rs. 250.00

6. **सीट आवंटन हेतु आंशिक नामांकन शुल्क की राशि** :– अभ्यर्थियों को औपबंधिक सीट आवंटन पत्र अधःभारित (Download) करने हेतु आंशिक नामांकन शुल्क रू0 1,000 / – की राशि उपरोक्त कंडिका–5 में वर्णित

तरीका के ही अनुसार जमा करना अनिवार्य होगा। यदि अभ्यर्थी आवंटित संस्थान में नामांकन लेते हैं तथा अध्ययन जारी रखते हैं तो आंशिक नामांकन शुल्क की राशि शिक्षण शुल्क में समायोजन हेतु संबंधित संस्थान को उपलब्ध करा दी जायेगी अन्यथा आंशिक नामांकन शुल्क की राशि पर्षद द्वारा जब्त (Seize) कर ली जायेगी। नामांकित अभ्यर्थियों को आंशिक नामांकन की राशि देय नहीं होगी।

तृतीय एवं चतुर्थ चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार से संबंधित साक्षात्कार कार्यक्रम निम्नवत हैः–

Time-Schedule for Third and Fourth Round of Online Counseling

Sl. No.	Activity	Date
a.	Online Registration and Choice Filling for Seat Allotment for 3rd Round	06.11.2022 to 09.11.2022
b.	Issue of Provisional Seat Allotment Letter for 3rd Round	12.11.2022 to 16.11.2022
c.	Certificates/Documents Verification and Admission in the Concerned Institute for 3rd Round	12.11.2022 to 16.11.2022
d.	Issue of Provisional Seat Allotment Letter after up-gradation of filled-up choices for 4th Round	20.11.2022 to 25.11.2022
e.	Certificates/Documents Verification and Admission in the Concerned Institute for 4th Round	20.11.2022 to 25.11.2022

7. आरक्षित सीटों के विरूद्ध अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता की स्थिति में आरक्षित सीटों का विनियमन कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के ज्ञापांक–14/आ0नी0–04–02/2019 का0–1434/राँची दिनांक–15.02.2019 द्वारा निर्गत संकल्प के अनुसार किया जायेगा।

8. पर्षद द्वारा पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन संख्या– जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/29/22–42 दिनांक–13.05.2022 (P.R. No. -269880) में निहित शेष नियम एवं शर्त्तें यथावत् रहेंगी। उक्त विज्ञापन पर्षदीय वेबसाईट के "Important Notice" कॉलम में देखा जा सकता है।

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

(रंजीता हेम्ब्रम, झा॰प्र॰से॰)
उप परीक्षा नियंत्रक